प्रसार भारती

आकाशवाणी शिमला

13.06.2024 / प्रादेशिक समाचार / 1945 बजे

मुख्य समाचार''

- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा–उपचुनाव में जनभावनाओं के अनुरूप प्रत्याशी उतारेगी कांग्रेस।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह चरमरा जाने का लगाया आरोप–सरकार से तुरंत कदम उठाने की मांग।
- मॉनसून सीजन के दौरान शिमला–चम्बा–सिरमौर–मण्डी और कुल्लू में स्थापित होंगी एन.डी.आर.एफ. की छोटी टुकड़ियां।
- राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने अधिकारियों को वन संरक्षण अधिनियम के लंबित मामलों को तुरंत निपटाने के दिए निर्देश।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि हमीरपुर विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव में पार्टी उम्मीदवार के नाम का फैसला जनभावनाओं के अनुरूप लिया जाएगा। मुख्यमंत्री शिमला में उनसे मिलने आए ब्लॉक कांग्रेस कमेटी हमीरपुर के पदाधिकारियों और वरिष्ठ नेताओं के प्रतिनिधिमण्डल को सम्बोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस उपचुनाव में मजबूती से कार्य कर पार्टी उम्मीदवार की जीत सुनिश्चित करेगी। उन्होंने कहा कि सरकार ने मात्र डेढ़ वर्ष के कार्यकाल में हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र के लिए करोड़ों रूपए की विकास परियोजनाएं मंजूर की हैं।

जयराम

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो चुकी है लेकिन मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू सिर्फ अपनी कुर्सी बचाने में व्यस्त हैं। जयराम ठाकुर ने आज शिमला में कहा कि राज्य में हर तरफ अपराधियों का बोलबाला है लेकिन सरकार और पुलिस हाथ पर हाथ धरे बैठी है। जयराम ठाकुर ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री की नाकामी की वजह से अधिकारी अपनी मनमानी कर रहे हैं और प्रदेश के लोगों की सुविधाओं से उनका कोई लेना–देना नहीं है। उन्होंने कहा कि सरकार कानून व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए कदम उठाए ताकि हर रोज हो रहे अपराधों पर रोक लगाई जा सके।

धर्माणी

तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा है कि प्रदेश सरकार युवाओं को रोजगार परक शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। राजेश धर्माणी आज शिमला जिले के चौपाल स्थित आई.टी.आई.

के औचक निरीक्षण के बाद प्रशिक्षुओं और शिक्षकों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार युवाओं को रोजगार की तलाश के बजाए रोजगार प्रदाता के अवसर प्रदान करने की दिशा में कार्य कर रही है। तकनीकी शिक्षा मंत्री ने कहा कि प्रदेश के युवा हुनरमंद है और उनके हुनर को निखारने के लिए सरकार द्वारा अनेक कल्याणकारी योजनाएं शुरू की गई हैं। उन्होंने ये भी कहा कि रोजगार प्रदाताओं को ई.ई.एम.आई.एस. पोर्टल से जोड़ा जा रहा है ताकि प्रशिक्षुओं को कैम्पस में ही रोजगार के अवसर मिल सके।

तरूण कपूर

भारतीय प्रशासनिक सेवा के हिमाचल कैडर के पूर्व आई.ए.एस. अधिकारी तरूण कपूर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का सलाहकार नियुक्त किया गया है। तरूण कपूर की नियुक्ति केन्द्रीय कैबिनेट की चयन समिति ने की है। उनकी ये नियुक्ति दो साल के लिए होगी। तरूण कपूर एन.डी.ए.–2 में भी प्रधानमंत्री के सलाहकार थे।

नीट परीक्षा

केंद्र सरकार ने नीट यूजी 2024 के एक हजार 5 सौ 63 विद्यार्थियों को एम.बी.बी.एस, बी.डी.एस और अन्य पाठ्यक्रमों में दाखिला लेने के लिए अतिरिक्त अंक देने के फैसले को रद्द कर दिया है। केन्द्र सरकार ने इस संबंध में आज सुप्रीम कोर्ट में सूचना दी। न्यायाधीश न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और संदीप मेहता की पीठ को केंद्र तथा राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी की परिषद ने बताया कि जिन विद्यार्थियों को अतिरिक्त अंक मिले थे उनके पास 23 जून को दोबारा परीक्षा देने का विकल्प रहेगा। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने कहा कि पहले से घोषित काउंसलिंग कार्यक्रम में कोई बदलाव नहीं होगा क्योंकि दोबारा से होने वाली परीक्षा के परिणाम 30 जून तक घोषित कर दिए जाएंगे। सर्वोच्च न्यायालय ने आज इस बात को दोहराया कि वह नीट यूजी 2024 प्रवेश काउंसलिंग प्रक्रिया पर रोक नहीं लगाएगा।

कांग्रेस

मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार नरेश चौहान ने आरोप लगाया है कि राजनीतिक महत्वकांक्षा न पूरी होने के कारण भाजपा नेता बौखलाहट में है। नरेश चौहान ने आज शिमला में एक बयान में कहा कि भाजपा नेता मुख्य संसदीय सचिवों की नियुक्तियों को लेकर जनता को गुमराह कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ये नियुक्तियां संवैधानिक है और मामला हाईकोर्ट में विचाराधीन है। ऐसे में भाजपा को इन नियुक्तियों को असंवैधानिक करार देना गैर कानूनी है। नरेश चौहान ने आरोप लगाया कि नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर अपनी कुर्सी बचाने के लिए सरकार गिराने के दावे कर रहे हैं। लेकिन उपचुनाव के बाद प्रदेश सरकार और मजबूत हुई है।

मुख्य सचिव

प्रदेश सरकार मॉनसून सीजन के दौरान शिमला–चम्बा– सिरमौर, मण्डी और कुल्लू जिलों में एन.डी.आर.एफ. की छोटी टुकड़ियां तैनात करेगी। राज्य के मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना ने आज शिमला से वर्चुअल माध्यम से उपायुक्तों और अन्य विभागों के साथ आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए ये

बात कही। उन्होनें इन टुकड़ियों के लिए उपयुक्त स्थान चिन्हित करने के जिलाधीशों को निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने आगामी मानसून सीजन की तैयारियों का जायजा लेते हुए उपायुक्तों को नदी किनारे रह रहे प्रवासी मजदूरों को सुरक्षित स्थानों पर बसाने को भी कहा। मुख्य सचिव ने बांध प्राधिकरणों को बाढ़ से निपटने के लिए अपनी मशीनरी तैयार रखने के भी निर्देश दिए। उन्होंने ये भी कहा कि आपदा के दौरान उपयोग में आने वाली तिरपाल जैसी सामग्री के दामों में बढ़ोतरी नहीं होनी चाहिए। आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के विशेष सचिव डी.सी. राणा ने इस मौके पर कहा कि प्राधिकरण राज्य के सभी उपमण्डलों को जल्द ही सैटेलाईट फोन उपलब्ध करवाने जा रहा है।

मॉकड्रिल

प्रदेश के सभी ज़िलों में कल 14 जून को सुबह 9 बजे मॉकड्रिल का आयोजन किया जाएगा। मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना ने शिमला में कहा कि आपदा के समय विभिन्न घटनाओं से निपटने के लिए मानक संचालन प्रक्रिया तैयार करने के अलावा मॉकड्रिल के समय धरातल पर सभी विभागों में पूरी तरह समन्वय होना ज़रूरी है। मुख्य सचिव ने कहा कि मॉकड्रिल के माध्यम से ज़मीनी स्तर पर त्वरित प्रक्रिया के बारे में वास्तविक स्थिति का पता चल सकेगा। उन्होंने बताया कि 14 जून को राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के पर्यवेक्षकों और सलाहकारों सहित सेना व आई.टी.बी.पी. के मार्गदर्शन में मॉकड्रिल का आयोजन किया जाएगा।

जगत सिंह नेगी

राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने अधिकारियों को वन संरक्षण अधिनियम 2006 के लम्बित मामलों को जल्द निपटाने के निर्देश दिए हैं। नेगी ने आज शिमला में कहा कि इस कार्य के चलते अगले एक वर्ष तक जनजातीय क्षेत्रों में राजस्व अधिकारी नहीं बदले जाएंगे। साथ ही अधिकारियों को इस अधिनियम के तहत विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा ताकि वे शीघ्रता से ऐसे मामलों का निपटारा कर सकें। जगत सिंह नेगी ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि प्रदेश में इस समय एफ.आर.ए. के लगभग 6 हजार मामले लम्बित हैं। प्रदेश में होने जा रहे तीन उपचुनाव को लेकर राजस्व मंत्री ने कहा कि कांग्रेस इन चुनावों के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने इन चुनावों के लिए नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर को जिम्मेवार ठहराया और आरोप लगाया कि उनका जनमत में विश्वास नहीं है।

बिंदल

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने कहा है कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के पास गृह विभाग होने के बावजूद राज्य में कानून व्यवस्था खस्ताहाल है। उन्होंने सिरमौर और चम्बा जिलों में पुलिस अफसरों और पुलिस जवान के साथ घटित घटनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि इस तरह के मामलों से प्रदेश पुलिस की छवि धूमिल हो रही है। उन्होंने कहा कि राज्य में बंदूक की नोक पर लोगों का अपहरण कर फिरौती मांगी जा रही है। बिंदल ने ये भी कहा कि राज्य में खनन माफिया भी बेलगाम है और पूरा प्रदेश अशांत तथा असुरक्षित हो गया है। उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था के मामले में इस समय प्रदेश राम भरोसे है। बिंदल ने मुख्यमंत्री से कानून व्यवस्था की ओर तुरंत ध्यान देने की मांग की है।

## समितियां

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने विधानसभा की प्रक्रिया व कार्यसंचालन नियमावली के अनुसरण में वर्ष 2024–25 के लिए गठित सदन की समितियों में आंशिक परिवर्तन किया है। इन समितियों में सभापति और सदस्यों को नए सिरे से नामांकित किया गया है। जिन समितियों में परिवर्तन किया गया है।

## प्रभारी

प्रदेश कांग्रेस ने 10 जुलाई को होने वाले 3 विधानसभा उपचुनाव के लिए प्रभारी नियुक्त कर दिए हैं। पार्टी महासचिव रजनीश किमटा ने आज शिमला में कहा कि देहरा विधानसभा सीट के लिए कृषि मंत्री चौधरी चन्द्र कुमार नालागढ़ विधानसभा सीट के लिए शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर और हमीरपुर विधानसभा सीट के लिए तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी पार्टी प्रभारी होंगे। किमटा ने कहा कि पार्टी इन उपचुनावों के लिए पूरी तरह तैयार है और एकजुटता के साथ धनबल का सामना करेगी। उन्होंने कहा कि हाल ही सम्पन्न 6 विधानसभा उपचुनाव में पार्टी ने 4 उपचुनाव जीते हैं इससे स्पष्ट है कि प्रदेश की जनता कांग्रेस की नीतियों, कार्यक्रमों और नेतृत्व से खुश है। उन्होंने कहा कि मतदाताओं ने इन उपचुनावों में भाजपा की खरीद फरोख्त की राजनीति को नकार दिया है।

## शिक्षा नीति

राजकीय महाविद्यालय सुन्नी में आज राष्ट्रीय मूल्यांकन व प्रत्यायन परिषद द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर राष्ट्रीय विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। चायल–कोटी व सुन्नी महाविद्यालयों द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित इस संगोष्ठी की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के पूर्व उप कुलपति सुनील गुप्ता ने की। गुप्ता ने इस मौके पर कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति का मूल उद्देश्य तभी हासिल होगा जब सरकार शिक्षाविदों के साथ मिलकर काम करेगी।

## अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर''

- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा–उपचुनाव में जनभावनाओं के अनुरूप प्रत्याशी उतारेगी कांग्रेस।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह चरमरा जाने का लगाया आरोप–सरकार से तुरंत कदम उठाने की मांग।
- मॉनसून सीजन के दौरान शिमला–चम्बा–सिरमौर–मण्डी और कुल्लू में स्थापित होंगी एन.डी.आर.एफ. की छोटी टुकड़ियां।
- राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने अधिकारियों को वन संरक्षण अधिनियम के लंबित मामलों को तुरंत निपटाने के दिए निर्देश।